समाचार

# पुराने कोरबा को संवारने निकली निगम की टीम, सीतामणी मुख्य मार्ग होगा अवैध कब्जे से मुक्त

## (आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की अगुवाई में निगम की एक्शन टीम पहुंची सीतामणी, पुराने कोरबा शहर के सीतामणी मुख्य मार्ग क्षेत्र की बदसूरती हटाने व संवारने की कवायद हुई प्रारंभ )

## (नागरिकों के बीच पहुंचकर आयुक्त श्री पाण्डेय लगातार कर रहे सहयोग की अपील, तो वहीं दूसरी ओर अतिक्रमण, अवैध कब्जा, गदंगी पर की जा रही त्वरित कार्यवाही, मुख्य मार्गो को संवारने व सुव्यवस्थित करने तैयार हो रहे प्रस्ताव )




कोरबा 27 जून 2025 – यह अफसोसजनक स्थिति हैं कि ऊर्जानगरी कोरबा शहर के मुख्य प्रवेश स्थल सीतामणी मुख्य मार्ग क्षेत्र को लोगों ने बदसूरत बना रखा है, दुकानों व घरों के सामने मुख्य मार्ग पर अवैध कब्जे, बांस बल्ली तारपीन तानकर अतिक्रमण, सड़क पर लगने वाले अवैध ठेलों द्वारा की जा रही गंदगी, बालू, मिट्टी, गिट्टी, निर्माण सामग्री की सड़क पर डम्पिंग ने उक्त खुबसूरत व चौड़ी मुख्य सड़क को बदहाल कर रखा है। आज आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की अगुवाई में निगम की एक्शन टीम सीमामणी क्षेत्र पहुंची तथा वहॉ की बदहाली दूर करने, व्यवस्थाओं को सुधारने

की कवायद प्रारंभ की, नागरिकों को अब उम्मीद बंधी है कि शायद वहॉ कि बदसूरती अब दूर होगी, व्यवस्थाएं सुधरेंगी तथा शहर प्रवेश स्थल व मुख्य मार्ग संवरेगा, अतिक्रमण अवैध कब्जे व गंदगी से मुक्त होगा।

'' जो भी करें–बेहतर करें '' की थीम के साथ नगर निगम प्रशासन शहर की व्यवस्थाओं को सुधारने की कवायद में जुट गया है। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के नेतृत्व में प्रतिदिन निगम की एक्शन टीम शहर के मुख्य मार्गो का भ्रमण कर रही है तथा व्यवस्थाओं को सुधारने की त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करा रही है। इसी कड़ी में आज शुक्रवार को आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की अगुवाई में निगम की एक्शन टीम पूरे लाव–लश्कर के साथ पुराने कोरबा शहर के सीतामणी क्षेत्र में पहुंची तथा सीतामणी से लेकर पुराने बस स्टैण्ड व कोतवाली तक डोर–टू–डोर भ्रमण करते हुए वहॉ की व्याप्त अव्यवस्थाओं, अतिक्रमण, अवैध कब्जों, फैलाई जा रही गदंगी का सघन जायजा लेते हुए व्यवस्थाओं को सुधारने का कार्य प्रारंभ किया। एक्शन टीम के द्वारा इस दौरान उक्त पूरे मार्ग पर किए गए अनेकों दर्जन अवैध कब्जों व अतिक्रमण से मार्ग को मुक्त कराया, सामग्रियों की जप्ती की व अर्थदण्ड की कार्यवाही भी की गई।

**<u>नालियों के ऊपर निर्माण, हटाने की नोटिस</u>** – सीतामणी से लेकर पुराने बस स्टैण्ड गीतांजलि भवन व कोतवाली तक के सम्पूर्ण मुख्य मार्ग में सड़क के किनारे स्थित नाली के ऊपर लोगों द्वारा अवैध रूप से निर्माण करा लिए गए हैं, इन्हीं नालियों के ऊपर विक्रय सामग्री रखकर व्यवसाय संचालित किए जा रहे हैं, नालियों के बंद होने से सफाई करने में बेहद कठिनाईयॉ उपस्थित हो रही है, नालियों में जाम लग रहा है, इसे गंभीरता से लेते हुए आयुक्त श्री पाण्डेय के निर्देश पर निगम की एक्शन टीम ने सभी संबंधित लोगों को नोटिस दी तथा तीन दिवस के अंदर नाली के ऊपर किए गए अतिक्रमण को स्वयं हटाने के निर्देश दिए, अन्यथा की स्थिति में निगम हटाने की कार्यवाही करेगा, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी संबंधित लोगों की होगी।

**<u>विक्रय सामग्री सड़क पर, फुटपाथ पर कब्जा, लगा जुर्माना</u>** – भ्रमण के दौरान दर्जनों स्थल पर विक्रय सामग्री सड़क पर रखी पाई गई, वहीं दुकानों के सामने फुटपाथ व सड़क पर स्थाई शेड भी निर्मित करा लिए गए हैं, सड़क व फुटपाथ पर अवैध रूप से विज्ञापन फ्लैक्स लगाए गए हैं, दुकानों व घरों के सामने सड़क व फुटपाथ पर बोरियों में भरकर व खुला कचरा डम्प किया गया है, परिणाम स्वरूप उक्त मार्ग बदहाल स्थिति में नजर आ रहा है। आयुक्त श्री पाण्डेय के निर्देश पर एक्शन टीम ने संबंधितों पर अर्थदण्ड आरेपित किया, अवैध कब्जों को हटवाया, अवैध विज्ञापन फ्लैक्स आदि की जप्ती की तथा संबंधितों को कड़ी चेतावनी दी कि वे दोबारा ऐसी स्थितियॉ निर्मित न करें अन्यथा कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

**<u>अस्पताल प्रवेशद्वार स्थल बदहाल, हुई सुधारने की त्वरित कार्यवाही</u>** – कोरबा पुराने शहर मुख्य मार्ग स्थित कोरबा ऐतिहासिक हास्पिटल रानी धनराकुंवर अस्पताल के सामने प्रवेशद्वार के समीप रोड़ में अनेकों ठेलों ने अतिक्रमण कर रखा था, इन ठेलों से उत्सर्जित गंदगी चारों ओर बिखरी पड़ी थी, अस्पताल प्रवेशद्वार के समीप कचरा गंदगी व अवैध कब्जे को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए, जिस पर एक्शन टीम ने एक्शन लेते हुए इन अवैध ठेलों को वहॉ से हटवाया, प्रवेश स्थल की साफ–सफाई कराई तथा अवैध कब्जा व गंदगी करने वालों पर अर्थदण्ड भी लगाया।

**<u>व्यवस्थित होगा इतवारी बाजार तिराहा</u>** – गीतांजलि भवन के आगे व इतवारी बाजार से पहले स्थित तिराहे पर काफी संख्या में फल आदि के ठेले अवैध रूप से लगाए जा रहे हैं, बैग थैला आदि का विक्रय सड़कों पर किया जा रहा है, जिसके कारण वहॉ का यातायात व आवागमन

व्यवस्था सदैव अस्त–व्यस्त रहती है, जबकि उक्त स्थल वाहनों के आवागमन का व्यस्ततम मार्ग है, आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने वहॉ की बदहाल व्यवस्था का जायजा लिया तथा वहॉ लगने वाले अवैध ठेलों, गुमठियों, बैग थैला विक्रेताओं को हटाने के साथ–साथ उक्त तिराहे को ट्रेंगल या स्क्वायर स्वरूप में ग्रील लगाकर वहॉ का सौंदर्यीकरण किए जाने के निर्देश दिए, इससे एक ओर जहॉ स्थल की सुंदरता बढ़ेगी, वहीं दूसरी ओर अवैध कब्जे से मुक्ति मिलेगी व वहॉ की यातायात व्यवस्था सुधरेगी।

**स्वच्छ, सुंदर व व्यवस्थित कोरबा बनाने में दे सहयोग** – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय नागरिकों के बीच पहुंचकर लगातार उनसे अपने कोरबा शहर को स्वच्छ, सुंदर व व्यवस्थित कोरबा बनाने में सहयोग की अपील कर रहे हैं। आज आयुक्त श्री पाण्डेय ने पुनः नागरिकों का आव्हान करते हुए कहा कि कोरबा शहर हम सबका अपना शहर है, इसे स्वच्छ, सुंदर व व्यवस्थित रखना हम सबका नैतिक दायित्व है, उन्होने कहा कि निगम द्वारा शहर को साफ–सुथरा रखने व व्यवस्थित करने की दिशा में लगातार कार्यवाही की जा रही है किन्तु इसमें आमनागरिकों का सहयोग व उनकी सहभागिता अत्यंत जरूरी है, सभी के सहयोग से ही हम '' स्वच्छ कोरबा–स्वस्थ कोरबा–सुंदर कोरबा '' बनाने में कामयाब हो सकते हैं, अतः मेरा आग्रह है कि आप अपनी महती सहभागिता कोरबा को संवारने में, इसे सुंदर स्वरूप देने में अवश्य दें।

इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, जोन कमिश्नर विनोद शांडिल्य, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, पीयूष राजपूत, गोयल सिंह विमल, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, राजस्व निरीक्षक अजय कुमार अग्रवाल, विकास शुक्ला आदि के साथ कोसाबाड़ी जोन, स्वच्छता विभाग, उद्यान विभाग, राजस्व व अतिक्रमण शाखा के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।